तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा

14 हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा


## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त




**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने 15 अप्रैल को आरोपी कुलेश्वर बरिहा पिता मोतीराम बरिहा (39 साल) निवासी सरगतोरा थाना पिथौरा के कब्जे से 06 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# कौंवाझर के ग्रामीणों ने तत्कालीन सरपंच व कार्यरत सचिव पर लगाया गबन का आरोप और कलेक्टर से शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत कौवाझर के ग्रामीणों ने तत्कालीन सरपंच एवं कार्यरत सचिव द्वारा बिना ग्राम पंचायत प्रस्ताव के सरपंच सचिव से मिलीभगत कर ग्राम पंचायत के वर्ष 2019-20 में 15 वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि का गबन करने का आरोप लगाया है। मामले की कलेक्टर से शिकायत की गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 15वें वित्त से प्राप्त राशि का सरपंच/सचिव के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से राशि का आहरण कर फर्जी प्रमाणक से भुगतान किया गया है। उक्त प्रमाणकों का जांच वक्त के दौरान सत्यापन किया गया है। तत्कालीन सरपंच एवं कार्यरत सचिव द्वारा 15वें वित्त की राशि का फर्जी तरीके से आहरण कर अन्य खर्चों में व्यय किया गया है जो कि पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध है।

नीराबाई ध्रुव के कार्यकाल के दौरान 15वें वित्त मद में प्राप्त राशि का वित्तीय वर्ष की राशि आहरण की जांच, सरपंच प्रतिनिधि डोमार सिंग गोड़ एवं ग्राम पंचायत सचिव रोहित मार्कंडे के भाई शक्ति कुमार मार्कंडे को पंचायत के मूलभूत राशि का भुगतान किया गया है, जो कि पंचायत राज अधिनियम के विरुध्द है। सचिव द्वारा वर्तमान में अपने संघ के आह्वान पर हड़ताल में होते हुये नवनिर्वाचित सरपंच को 8.04.2025 को प्रभार सौंपा गया है। प्रभार सूची में जो अग्रिम राशि भुगतान हेतु लेख किया गया है वह सूची भी संदिग्ध प्रतीत होता है। गौठान मद के लिए बैंक में खाता खुला है लेकिन, प्रभार सूची में राशि एवं खाता का विवरण दर्शित नहीं है। वहीं 10 वर्ष पूर्व सरपंच लक्ष्मण यादव एवं 05 वर्ष पूर्व सरपंच डिगेश्वरी डेविड चंद्राकर के द्वारा निर्माण कार्यों का लंबित राशि का भुगतान प्रभार सूची में दर्शित कर भुगतान हेतु कहा गया है। ग्राम विकास समिति की जो राशि लंबित है जिसको पूर्व सरपंच को ग्राम विकास समिति के सदस्यों द्वारा 3 वर्ष पूर्व भुगतान हेतु कहा गया था। जिसको पूर्व सरपंच के द्वारा राशि का भुगतान न कर वर्तमान सरपंच के द्वारा राशि का भुगतान करने को प्रभार सूची में दर्शाया गया है।

ग्रामीणों ने तत्कालीन सरपंच एवं कार्यरत सचिव के प्रभार कार्यकाल की जांच कर संबंधितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## विरोध : कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय घेरा

# केंद्र की सरकार ईडी का गलत इस्तमाल कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहूल के खिलाफ एक्शन लेते हुए दाखिल की गई चार्जशीट पर कांग्रेसियों ने बुधवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेसजनों ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेसजनों ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा विद्वेषपूर्ण सत्ता के ताकत का दुरुपयोग करते हुए, केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय जैसे संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल करने की बात कहते हुए कहा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं का नाम प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल आरोप पत्र में दर्ज किया गया है। यह लोकतंत्र में विपक्ष के विचारों पर सीधा हमला है यह बदले की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है जब-जब भारत में कहीं भी चुनाव आता है तो केंद्र की भाजपा सरकार उस चुनाव को प्रभावित करने के लिए अपने अधीनस्थ केंद्रीय संस्थानों के द्वारा विपक्ष के नेताओं के खिलाफ गलत तरीके से प्रकरण बनाकर नेताओं को परेशान करने का कार्य करता है जिससे चुनाव में गड़बड़ी की जाए वह चुनाव को प्रभावित किया जाए जब कहीं किसी राज्य में चुनाव नहीं होता है तो यह केंद्र के एजेंसियां भी अपने कुंभकर्णी नींद में सो जाते हैं लेकिन जैसे ही चुनाव आता है जैसे कि अब बिहार का चुनाव आने वाला है तब अचानक ईडी सीबीआई जैसे अन्य संस्थाओं के अधिकारीगण अपनी निद्रा से जागकर बेमतलब का केस बनाकर विपक्ष के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करना आरंभ कर देती है।

कांग्रेसजनों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र में बैसाखियों के सहारे सत्ता का सुख भोग रही है और सत्ता का दुरुपयोग करके पक्ष एवं विपक्ष दोनों को डराया धमकाया जा रहा है। महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि भाजपा के केंद्र की सरकार की द्वेषपूर्ण कार्यवाही पर रोक लगावे।

### इस दौरान इनकी रही मौजूदगी

अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव करने के दौरान डॉ. रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, पूर्व बोर्ड सदस्य अंकित बागबाहरा, पूर्व बोर्ड सदस्य लक्ष्मी देवांगन, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, अमन चंद्राकर पूर्व पार्षद, बसंत चंद्राकर, राजू साहू, ममता चंद्राकर, ईशा टंडन, डॉ एजाज नकवी, निर्मल जैन, भरत सिंग ठाकुर, पार्षद सूरज नायक, बबलू महानंद, टोमन सिंग कागजी, सुनील चंद्राकर, तुलसी देवदास, पोखन साहू, सुरेश पटेल, धर्मेंद्र चंद्राकर, गौरव जॉनी चंद्राकर, रवि साहू, तुलसी देवदास, भानु सोनी इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## सरायपाली में डेढ़ लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली में दो आरोपियों के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने मामले में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को 15 अप्रैल को सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में अवैध रूप से गांजा परिवहन बिक्री के लिए सरायपाली की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने जमबलहीन मंदिर झिलमिला के पास पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताये हुलिए के मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक ओआर-03-जी-2835 को रोका।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मायाधर नाहक पिता रतन नाहक (35 वर्ष) उपरगुड़ा थाना व जिला बलांगीर ओडिशा, समारू सेठ पिता जन्मो सेठ (32 वर्ष) बरपाली थाना बरपाली जिला बरगढ़ बताएं। आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग का प्लास्टिक झोले में रखे 03 नग (पैकेट) मादक पदार्थ गांजा वजन 3 किग्रा कीमत 1,50,000 रुपए, घटना में प्रयुक्त एक लाल रंग का हीरो पेशन प्रो मोटर सायकल कीमत 40,000 व मोबाइल जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम किया गया ।

## हथियार लहरा रहे युवक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोतवाली पुलिस हथियार लहराकर लोगों को डराने का प्रयास कर रहे आरोपी को गिरप्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बरबसपुर मोड़ के पास एनएच 53 रोड किनारे में एक व्यक्ति हाथ में चाकू लहराकर आम जन आने जाने वाले को आतंकित कर रहा है।

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी बलीराम मांडले पिता पकलू राम मांडले उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड नं 20 ग्राम बिरकोनी के कब्जे से एक चाकू बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# सेनकपाट में खनिज विभाग की दबिश, अवैध उत्खनन में प्रयुक्त मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध रेत उत्खनन पर लगातार की जा रही सख्त कार्रवाई के तहत बुधवार को खनिज विभाग ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में ग्राम सेनकपाट तहसील महासमुंद स्थित महानदी में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। खनिज विभाग की टीम ने अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त एक चैन माउंटेन मशीन को मौके से जब्त किया।



साथ ही नदी के किनारे बनाए गए अवैध रैंप रास्ते को भी ध्वस्त कर दिया गया, जिससे भविष्य में इस मार्ग से रेत की अवैध ढुलाई रोकी जा सके। जब्त की गई मशीन लावारिस हालत में पाई गई, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए थाना तुमगांव की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह, सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू, एवं पुलिस विभाग से सिपाही प्रशांत कालू, मनीष डीडी और मनोज निर्मलकर सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### अवैध खनन बर्दाश्त नहीः कलेक्टर



मामले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान कहा कि रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन की लगातार मिल रही जानकारी पर खनिज विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई जारी है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# घड़ी और ट्रैक्टर चोरी के मामलों का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने बागबाहरा और खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत घड़ी और ट्रैक्टर चोरी के मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी दीपक नरेडिया निवासी शांतिनगर बागबाहरा ने अपने मेन रोड बागबाहरा अस्पताल के सामने स्थित घड़ी दुकान विराट वॉच से 5-6 अप्रैल की रात घड़ी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखा गया तथा संदिग्ध लोगों की खोजबीन कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि मोहित कुमार उर्फ बिल्ला और शिव राजपूत, निवासी बागबाहरा को नए-नए हाथ घड़ी पहने, नगर क्षेत्र में घूमते हुए घड़ियों की बिक्री के लिए ग्राहक तलाशते देखा गया है। इसके बाद दोनों से पूछताछ की गई। जिसमें आरोपियों ने एक साथ मिलकर विराट वॉच नाम के घड़ी दुकान में घुसकर घड़ियों, सेल अन्य सामान चोरी किया जाना स्वीकार किया गया, जो कि आरोपियों के कब्जे से प्रकरण से संबंधित कुल 14 नग विभिन्न कंपनी की हाथ घड़ियां, विभिन्न सेल/बैटरी कीमत करीबन 15,000 रुपए जब्त किया और आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।






वहीं खल्लारी थाना क्षेत्र में लगे मेला से ट्रैक्टर चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गणेश रात्रे पिता अंजोर रात्रे ग्राम खल्लारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 अप्रैल को अपने मालिक राजू दीप के ट्रैक्टर क्र. सीजी06एचए9285 में ट्राली में बिठाकर अपने पूरा परिवार को मेला घुमाने खल्लारी आया था और ट्रैक्टर को बिजली आफिस के सामने खल्लारी में खड़ा किया था, जब मेला घूम कर रात्रि 11.30 करीब वापस आये तो देखा कि ट्रैक्टर का इंजन नहीं था।

विवेचना के दौरान पुलिस की टीम ने घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर को सक्रिय कर ट्रैक्टर चोरी के संबंध में खोजबीन शुरू की। उक्त ट्रैक्टर के पुराने ड्राइवर के बारे में भी पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना में मिली कि ट्रैक्टर के पुराने ड्राइवर जीतू यादव को घटनास्थल के आस पास देखा गया था। जिस पर जीतू यादव (34) को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ करने पर उसने ट्रैक्टर को अपने साथी कन्हैया ध्रुव व टिकेश्वर ठाकुर के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि तीनों मेला गये जहां पर बिजली ऑफिस खल्लारी के पास वाहन पार्किंग के पास ट्राली सहित ट्रैक्टर में से इंजन ( ट्रैक्टर ) को चोरी कर टिकेश्वर ठाकुर के ग्राम घोघरा के घर में ब्यारा में छुपाकर रखना बताया। पुलिस की टीम के द्वारा आरोपी टिकेश्वर ठाकुर पिता थनवार ठाकुर (18 वर्ष) निवासी भानपुर बागबाहरा, महासमुंद तथा कन्हैया ध्रुव पिता यशवंत ध्रुव (35 वर्ष) भानपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से महिंद्रा कंपनी का इंजन ट्रैक्टर कीमत 4,60,000 रुपए को जब्त तीनों आरोपियों के विरूद्ध थाना खल्लारी में धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### हाईटेंशन तार की चपेट मे आने से राजमिस्त्री घायल

**नर्रा।** हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक राजमिस्त्री घायल हो गया। ग्राम नर्रा निवासी मुकेश पटेल पिता पंडूराम (30 वर्ष) ठेकेदार विनोद साहू ग्राम मुडागांव ओडिशा के अंडर में राज मिस्त्री काम करता था। आलोक अग्रवाल वार्ड क्रमांक 8 खरियार रोड में चल रहे मकान निर्माण में काम कर रहा था। ऐसा जानकारी मिली है कि इस मकान के ऊपर से हाईटेंशन 11 हजार केवी तार गुजरा हुआ है । बीते गुरुवार 3 अप्रैल को करंट के चपेट आने से नर्रा निवासी मुकेश पटेल बुरी तरह से झुलस गया। उसका साथ काम कर रहे मेघराज पांडे और जागेश्वर यादव बाल-बाल बच गए । मुकेश आनन फानन मे नुआपाड़ा अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर हालत को देखते हुए वहां के डाक्टारों ने रायपुर रेफर कर दिया। रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है । मिली जानकारी के अनुसार मुकेश पटेल का हाथ बुरी तरह से करंट मे सुलझ जाने से उनके दोनो हाथ के कोहनी तक काटा गया है । उनके लाज के लिए नर्रा राज मिस्त्री संघ के द्वारा राशि एकात्रित कर उनके परिजनो दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त घटना के संबंध अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाया है । परिजनो ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है ।



## खबर संक्षेप

### मोर दुआर साय सरकार' महाभियान के तहत नए आवासों का सर्वेक्षण शुरू

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 'आवास प्लस 2.0' सर्वेक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने हेतु महासमुंद जिले में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। यह कार्य 'मोर दुआर साय सरकार' अभियान के तहत किया जा रहा है यह अभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्ववर्ती आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें पक्के आवास का लाभ दिलाना है। इस अभियान के सम्बन्ध में जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी श्री एस. आलोक ने बताया कि 16 अप्रैल को राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, 17 अप्रैल को सांसद एवं विधायक, 18 अप्रैल को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य तथा 19 अप्रैल को जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य एक-एक परिवार का प्रतीकात्मक सर्वेक्षण करेंगे। जनजागरूकता हेतु सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया है कि ग्रामीणों को अभियान की जानकारी कोटवार, पटेल, दीवार लेखन, पोस्टर, पांपलेट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से स्थानीय भाषा में दी जाए। "मोर आवास - मोर अधिकार" और "मोर दुआर - साय सरकार" शीर्षकों के अंतर्गत ग्राम स्तर पर जनजागृति रैलियां भी आयोजित की जाए। इसके साथ जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान की थीम पर निबंध, चित्रकला, रंगोली, स्लोगन, कविता एवं गीत लेखन जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं कराई जाएं।

# बिहान योजना की बदौलत गांव की महिलाएं बन रही हैं उद्यमिता की प्रतीक

## "लखपति दीदी" जानकी नाग की बिहान योजना से आत्मनिर्भरता की ओर उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु चलाई जा रही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना आज कई महिलाओं के जीवन में बदलाव की कहानी लिख रही है। इसी योजना की बदौलत छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के ग्राम सिरको की जानकी नाग आज ग्रामीण आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी हैं। उन्होंने न केवल स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि अपने साथ गांव की कई अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार की राह दिखाई है।

जानकी नाग ने प्रगति स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने आत्मनिर्भर जीवन की शुरुआत की। उन्हें योजना के तहत 15 हजार रुपए की रिवॉल्विंग फंड और बाद में 60 हजार रुपए का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड मिला। इस पूंजी का उपयोग कर जानकी ने आटा चक्की और सिलाई मशीन जैसे स्वरोजगार के संसाधनों की स्थापना की और अपने व्यवसाय का विस्तार किया। समूह के मार्गदर्शन और बैंक ऋण की मदद से जानकी का व्यापार लगातार बढ़ता गया।





आज उनकी वार्षिक आय 80 हजार रुपए तक पहुंच चुकी है, और वे हर महीने औसतन 07 हजार रुपए की आय अर्जित कर रही हैं।

साल 2024 में जानकी को 'पशु सखी' की जिम्मेदारी भी सौंपी गई, जिससे उन्हें हर माह 1, 910 रुपए की अतिरिक्त आय हो रही है। इस आय से जानकी न सिर्फ अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं, बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रख रही हैं। जानकी गर्व से कहती हैं, "समूह से जुड़ने के बाद मुझे अपनी पहचान मिली है। अब मैं आत्मनिर्भर हूं और अपने पैरों पर खड़ी हूं। मुझे खुद पर और अपने काम पर गर्व है।" उड़ान महिला संकुल संगठन, सांकरा और प्रकाश महिला ग्राम संगठन, सिरको के सहयोग से जानकी ने जिस संकल्प और आत्मबल के साथ सफलता पाई है, वह आज ग्रामीण महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं। उनकी सफलता यह प्रमाणित करती है कि जब महिलाओं को सही अवसर और मार्गदर्शन मिलता है, तब वे न केवल अपनी, बल्कि अपने पूरे समुदाय की तस्वीर बदल सकती हैं।

# गुणवत्ता पर उठे सवाल: पिथौरा ब्लॉक के किसानों को मिलने वाले स्पेयर का वितरण अटका

## बरतुंगा स्टोररूम में रखा गया 510 नग स्पेयर, बीज निगम की टीम कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन राज्य के किसानों को दी जाने वाली कृषि सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। पिथौरा विकासखंड के सैकड़ों किसानों के लिए कृषि विभाग द्वारा निःशुल्क वितरण हेतु भेजे गए 510 नग स्पेयर गुणवत्ताविहीन पाए गए हैं, जिससे उनका वितरण रोक दिया गया है।

ये सभी स्पेयर वर्तमान में बरतुंगा स्थित कृषि विभाग के स्टोररूम में सुरक्षित रखे गए हैं। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रोहित कुमार बरिहा ने जानकारी देते हुए बताया कि इन स्पेयर की गुणवत्ता की जांच बीज निगम की टीम द्वारा की जा रही है। जांच पूरी होने तक इनका वितरण नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही उच्च अधिकारियों के निर्देश में आगे की कार्रवाई की जाएगी।







इस मामले पर किसान नेता अजय साहू ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि किसानों के नाम पर योजनाएं बनती हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर सिर्फ घोटाले हो रहे हैं। गुणवत्ताविहीन स्पेयर भेजना किसानों के साथ खुला मज़ाक है। हम मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रीन ग्राम गबोद के किसान नरोत्तम साहू ने कहा कि हम किसानों को किसी न किसी बहाने से परेशान किया जाता है। यह स्पेयर फसलों में तरल दवाइयां और कीटनाशक छिड़काव के लिए जरूरी है, और अब यही अटक गया है। सरकार को चाहिए कि किसानों की सामग्री पहले ही जांच कर भेजे, ताकि समय पर मदद मिले।

यह पूरा मामला न सिर्फ विभागीय लापरवाही का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि किसानों के साथ किस स्तर पर खिलवाड़ हो रहा है। ऐसे में देखना होगा कि जांच के बाद दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है और किसानों को कब तक गुणवत्तापूर्ण स्पेयर मिल पाता है।

## देवेंद्र बने रविदास मेहर समाज के जिला अध्यक्ष

**पिथौरा।** एक बार फिर रविदास (मेहर) समाज के लोगों ने देवेंद्र रौतिया को महासमुंद जिला अध्यक्ष 409 वोटों के अंतर से भारी बहुमतों से चुनकर निर्वाचित किया गया है। जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री रौतिया को शुभचिंतकों और परिजनों सहित सामाजिक बंधुओं ने अनेकों माध्यमों से बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वही देवेंद्र रौतिया ने जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी शुभचिंतकों और सामाजिक पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों का आत्मीय आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि संघर्ष कीजिए, शिक्षित बनिए, संगठित रहिए करके समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने की बात कही। विदित हो कि बीते 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया। रविदास समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं महासमुंद जिला अध्यक्ष का चुनाव बागबाहरा के टाउन हाल में रखा गया था, जिसमें हजारों की संख्या में सामाजिक लोग एकत्रित हुए।जिला अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी मैदान में उतरे जिसमें देवेंद्र रौतिया को 524 वोट मिले, दुतिया अजगर को 115 वोट मिले, हरेंद्र मिरी को 21 वोट मिले, वही फ़गनू अजगले को 18 वोट मिले। इस तरह से बहुमत से 75% वोट अकेले



देवेंद्र रौतिया को मिले और 409 मतों के साथ विजय हासिल की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारकाधीश यादव रहे। वहीं अध्यक्षता विजय मेहरा प्रदेश अध्यक्ष विशेष अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा चर्म शिल्पकार बोर्ड अध्यक्ष, लोकनाथ बारी जिला पंचायत सदस्य, मिथुन अमीर पार्षद, खीरचंद बारी पार्षद सहित नारायण केसरिया, पद्मनी बांधे सरपंच, परमानंद कंदोई, नकुल मेहरा, गणेश केसरिया, लालसिंह रौतिया, प्रेमलाल युगर, अजय मेहर, कुंजल मिर्धा, अज्जू अमीर चेतन रौतिया, फ़गनू अजगले, मूलचंद बांधे, खिलावन मेहरा, राजकुमार युगर, भुवन उग्रे, गोवर्धन रात्रे, रिंकू आमिर नरेंद्र रौतिया आदि सामाजिक लोगों की उपस्थिति रही।

# सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर कर रहे मनमानी : तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने किया जिला मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल का निरीक्षण, मनाही के बाद भी निजी अस्पतालों में सेवाएं दे रहे सरकारी डॉक्टर, शासन के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। तुषार साहू ने कहा सरकारी अस्पताल में पर 2 दोपहर के बाद से डिलीवरी, गंभीर बीमारों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के इलाज में परेशानी हो रही है। अस्पताल में 2 दोपहर के बाद डॉक्टर नहीं मिलते। अस्पताल का डॉक्टर ड्यूटी चार्ट दिन और रात में अपडेट नहीं होता। ताकि लोग कॉल करके डॉक्टर को बुला सकें। जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर अपनी ड्यूटी पीरियेड में भी अस्पताल से नदारद रहते हुए निजी अस्पतालों में ओपीडी प्रैक्टिस कर रहे हैं।



तुषार साहू आगे कहा जिले में ऐसे कई शासकीय डॉक्टर हैं, जिनका खुद का अस्पताल है, या फिर कुछ अस्पतालों में पार्टनरशिप में काम चल रहा है। बकायदा इन डॉक्टरों निजी अस्पतालों में उन डॉक्टरों नाम और ओपीडी टाइमिंग का बोर्ड चस्पा है। ऐसे डॉक्टरों पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन और जिला चिकित्सा अधिकारी को कड़ाई बरतने की जरूरत है। शासकीय अस्पताल के डॉक्टरों की सेवा लेने वाले निजी अस्पतालों पर भी कार्रवाई की जरूरत है। तुषार साहू ने जब सीएमओ से कॉल में बात किया तो छुट्टी में होने का हवाला दिया। तुषार साहू आगे कहा शासकीय अस्पतालों में सारी सुविधाएं और बेहतर डॉक्टर मौजूद होने के बाद भी शहर में निजी अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है। चूंकि सभी सुविधा होने के बाद सरकारी अस्पताल समय पर डॉक्टर नहीं होने के कारण मरीज परेशान होते हैं। कई बार शासकीय अस्पताल के डॉक्टर और अन्य स्टाफ भी कमीशन के लालच में मरीजों को निजी अस्पतालों में भेज देते हैं। ऐसे ही मनमानी को रोकने यह कदम राज्य शासन द्वारा उठाया जाना चाहिए।

# किसानों को मिल रहे फसल बीमा में भी मांगा जा रहा कमीशन:अंकित

## कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी कांग्रेस नेता व किसान संघर्ष समिति के संयोजक अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत खरीफ फसल में किसानों द्वारा करवाए गए फसल बीमा में विभिन्न सूचनाओं को प्राप्त कर किसानों को दिग्भ्रमित कर बातों में प्रभावित कर किसानों को फसल बीमा हम दिलवा रहे हैं कह कर 20 से 25 प्रतिशत मिलने वाली रकम में कमीशन की मांग की जा रही है।

अंकित ने आरोप लगाया कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार के मुखिया भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात कर रहे हैं परंतु ये सिर्फ बातों में है, आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में परेशान मेहनतकश किसानों से उनके खून पसीने से कमाई गई मेहनत पर डाका डालने का प्रयास हो रहा है और उसमें भी सबसे ज्यादा जिम्मेदार कृषि, राजस्व के साथ साथ भाजपा पार्टी से जुड़े जनप्रतिनिधि और बीमा कंपनी के कर्मचारी तक इस




भ्रष्टाचार में शामिल है।

इसका पता इसी से चलता है कि बकायदा लिस्ट लेकर वो किसानों से मिल रहे है कि आपके नाम से इतना पैसा आया है उसका 20 प्रतिशत हमें दो जबकि तक बागबाहरा कृषि विभाग के बीमा कंपनी की सूची प्राप्त नहीं हुई है। अंकित ने बताया कि बीमा कंपनी से सूची 4 अप्रैल को महासमुंद आ चुकी थी परंतु जानबूझकर आज दिनांक तक ब्लॉक कार्यालय में उपलब्ध नहीं करवाई गई है।

इसका पता तब चला जब पीड़ित किसान जिनको फसल बीमा मिला है उनसे ग्राम के व दूसरे ग्राम के लोग व्यक्तिगत मिल कर पैसे की मांग करने लगे और नहीं देने पर बीमा की राशि वापस ले ली जाएगी की बात भी हो रही है और अगर पैसे दे दोगे तो आगे दो-तीन साल तक और पैसे दिलाने की गारंटी ले रहे हैं। जबकि किसानों का फसल बीमा से प्राप्त पैसा उनके केसीसी की उधारी में कट गया है तो किसान आखिर पैसा कहां से लाएंगे।

इसकी शिकायत आज अंकित बागबाहरा ने लिखित में कलेक्टर की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में, कृषि डीडीए को व बीमा कंपनी के जिला प्रभारी वर्मा से की है और मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। अंकित ने कहा कि ऐसे लगभग 20 गांव को टारगेट किया गया है, और इसमें मोहंदी, कोलदा, आमानारा, बरबसपुर, कोमा, कसहीबाहरा (फुलवारी) आदि के शामिल होने की जानकारी है, अगर किसानों को परेशान करना बंद नहीं किया गया तो वो उनके साथ आंदोलन करने मजबूर होंगे और किसानों से भी निवेदन किया कि ऐसे किसी भी दबाव में ना आएं और किसी को किसी प्रकार का पैसा फसल बीमा दिलाने के नाम पर ना दें और कोई परेशान करता है तो उन्हें तत्काल इसकी जानकारी दें।

## स्काउटिंग अनुशासित जीवन जीने का कर्तव्य सिखाता है: तोखन

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों को सुनागरिक बनाने के साथ साथ बच्चों में आत्मविश्वास, आत्मरक्षा, स्वालंबन और देश व समाज सेवा के साथ स्काउटिंग से कर्तव्य करना भी सिखाता है। उक्त उदगार छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य स्तरीय हिमालय वुड बैज धारी स्काउटर गाइडर का एक दिवसीय कार्यशाला बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने व्यक्त की। राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियां विभिन्न कार्यक्रम और शिविरों के माध्यम से गतिशील है, चाहे प्रशिक्षण शिविर हो, हाइक हो, एडवेंचर कैंप हो या राज्यपाल अवार्ड हो। जज्ञात हो कि इस शिविर में ऑनलाइन पंजीयन, प्रगतिपथ, स्काउटिंग में होने वाले नई शिक्षा नीति के तहत विषय, राज्य पुरस्कार की तकनीकी जानकारी, स्काउटर, गाइडर विकासात्मक जानकारी, आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी, जिला स्तर पर की समस्याओं को राज्य कार्यकारिणी में रखना आदि विषय पर चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ राज्य के 32 जिला से 200 प्रमुख हिमालय वुड बैज धारी स्काउटर, गाइडर, प्रशिक्षक बिलासपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। इस कार्यशाला में महासमुन्द जिला से व्यास नारायण बंजारे, यशवंत चौधरी, गोकुल नायक, शंकर सिदार, मनोज दीवान, चंद्रकांता ठाकुर, उर्वशी नेताम, सविता सुमन, कुसुम कोटक हिमालय वुड बैज धारी स्काउटर गाइडर शामिल हुए।

# नपा में टैक्स जमा करने ऑनलाइन पोर्टल शीघ्र होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका में प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की पहली बैठक आयोजित हुई। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस पीआईसी की बैठक में नगर विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसमें महत्वपूर्ण यह रहा कि शहर की प्रमुख आवश्यकताओं को आगामी बजट में शामिल करने की सहमति बनी।

अध्यक्ष साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नगर विकास का संकल्प सभी पीआईसी



मेंबरों ने लिया। बैठक का प्रमुख एजेंडों में नगर पालिका परिषद के लिए ऑनलाइन टैक्स जमा करने नागरिकों की सुविधा हेतु पोर्टल शुरू करने, भवन निर्माण अनुमति 15 दिन के अंतर्गत जारी करने, नहर लिंक रोड निर्माण, जल संकट निवारण हेतु सामग्री क्रय करने, अमृत मिशन 2.0 नवीन फ़िल्टर प्लांट एवं इंटकवेल निर्माण कार्य करने, अटल चौक /अटल परिसर निर्माण की स्वीकृति, विभिन्न उद्यानों का सौंदर्यीकरण, नगर पालिका नवीन भवन निर्माण के लिए पूराना एसडीएम बंगला की भूमि स्वकृति प्रदान करने, अध्यक्ष, पार्षद निधि से मरम्मत के लिए वार्षिक टेंडर सहित अनेक निर्णय लिए गए।

प्रेसिडेंट इन काउंसिल की प्रथम बैठक में प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति सूरज नायक, जयकुमार देवांगन, गुलशन कुमार साहू, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई, ज्योति रिंकू चंद्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित समस्त विभागीय अधिकारी – कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह जिला स्तरीय आयोजन भारतीय बौद्ध महासभा महासमुंद रमाबाई अंबेडकर बौद्ध महिला मंडल महासमुंद। भीम युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में अंबेडकर अनुयायी गणों की उपस्थिति में आयोजित कर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन कर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। 13 अप्रैल को नयापारा अंबेडकर भवन के पास बच्चों के सांस्कृति कार्यक्रम भीम गीतों पर आधारित महाराष्ट्रीयन परिधान में मनमोहन प्रस्तुतिकरण कर किया गया। इसके साथ ही समाज के प्रमुख अंबेडकर अनुयायियों को सम्मानित किया गया साथ ही रात 12 बजे केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया।

10 अप्रैल को भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाई बुद्ध विहार में बच्चों के विभिन्न खेलकूद आयोजित किया गया जिसमें समाज के बच्चों द्वारा सहभागिता निभायी गयी। 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद कर नमन किया गया। उसके पश्चात भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाई बुद्ध विहार में महामानव तथागत गौतम बुद्ध के चरणों पर पुष्प अर्पित कर सामूहिक बुद्ध वंदना कर बाबा साहेब और उनके द्वारा रचित भारतीय संविधान अजर अमर रहे की कामना की गई। जिला स्तरीय अंबेडकर जयंती के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि चंद्रहास चंद्राकर बीज निगम अध्यक्ष छ.ग. शासन, येतराम साहू, जिलाध्यक्ष भाजपा निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद, पार्षद भाऊराम साहू, विजय लक्ष्मी जांगड़े, जनपद सदस्य, पार्षद राहुल आवड़े, पाली पूर्व मंडल अध्यक्ष कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष देवेंद्र मेश्राम द्वारा किया गया।

# साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ अनुसुइया को मिला कोसलपुत्री सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्थान एवं वैभव प्रकाशन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को छत्तीसगढ़ की नारी शक्ति पर केंद्रित पुस्तक कोसल पुत्री के दो भाग सहित चार अन्य पुस्तकों का विमोचन हुआ। इस बहुआयामी आयोजन में छतीसगढ़ की 108 यशस्विनी धरापुत्रियों का सम्मान हुआ। जिनके बारे में कोसलपुत्री प्रथम एवं द्वितीय भाग में संकलित 36- 36 परिचयात्मक लेखों की लेखिकाओं ने गवेषणात्मक श्रम से लेखन किया है। इन महिला नेत्रियों ने शिक्षा, साहित्य, संगीत, लोक साहित्य, लोककला आदि के क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी कौशल्या साय द्वारा डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद को शिक्षा और साहित्य जगत में अतुलनीय भूमिका निर्वहन के लिए कोसलपुत्री सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर उन्हें सुंदर मोमेंटो भेंट कर, पगड़ी पहनाकर एवं गले में मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। संपादक द्वय डॉ. सीमा निगम और डॉ . तृषा शर्मा ने इस पुस्तक का संपादन



किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं को अपनी रक्षा के लिए स्वयं सजग होना होगा। छत्तीसगढ़ की महिलाएं जीवन के विविध रंगों में लिख रही हैं। आज सभी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की महिलाएं आगे हैं। घर परिवार के अलावा राज्य की संस्कृति के संरक्षण में वे अत्यधिक सक्रिय हैं। साय ने अपने अनेक रोचक संस्मरण सुनाए। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ साहित्य के मामले में उर्वरा भूमि है। प्रस्तुत पुस्तक अनुसंधान के बाद लिखा गया है इसलिए यह प्रमाणिक इतिहास की तरह है।

विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव अभिलाषा बेहार ने लेखिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बधाई दी। प्रारंभ में संयोजक डॉ. सीमा निगम और डॉ. सुधीर शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि लता मिश्रा ने साहित्य और संगीत के समन्वय पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने कोसल पुत्री, छत्तीसगढ़ कहानी गढ़, गोपा शर्मा की दो पुस्तकों और प्रीति सुरेश मिश्रा के लघुकथा संग्रह का विमोचन किया। समारोह में छत्तीसगढ़ के विविध जिलों की लेखिकाएं उपस्थित थीं।

इस बहु आयामी आयोजन से छत्तीसगढ़ की साहित्य बिरादरी को भावी आयोजनों के लिए दृष्टांत सहित प्रेरणा मिली।

द्वितीय सत्र डॉ. रमेंद्र नाथ मिश्र और डॉ. महेंद्र ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह का संचालन शुभ्रा ठाकुर, डॉ. सीमा अवस्थी, सुमन बाजपेयी आदि ने संयुक्त रूप से किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सीमा निगम ने अंत में आभार प्रदर्शन किया।

खबर संक्षेप



## सरपंच ने चलाया गांव में स्वच्छता अभियान

**बेलसोंडा**। हम अपने घर को साफ सुथरा रखते है उसी प्रकार हमें अपने गांव को साफ सुथरा बनाना होगा। अपने घर का कूड़ा गांव की गलियों में डालने की बजाए कूड़ादान में डालना चाहिए। उक्त बातें मंगलवार को ग्राम पंचायत बेलसोंडा में सरपंच द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान के दौरान सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर ने ग्रामीणों से कही। उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि 'मन में रखो एक सपना, स्वच्छ बनाना है गांव अपना'। इस अवसर ग्रामीणों ने साथ मिलकर गांव की सड़कों पर गंदगी की साफ-सफाई की। सरपंच ने बताया कि गांव को स्वच्छ बनाने के लिए पंचायत द्वारा प्रातः सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने गांव के युवाओं से सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन अभियान में सहयोग करते हुए गांव को स्वच्छ रखने में पंचायत का सहयोग करने की अपील की है।

# आंबेडकर जयंती के अवसर पर संविधान गीत का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

श्रीजन कल्याण समाज सेवी संस्था प्रमुख हेमलता राजपूत ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि कि संस्था संविधान की प्रमुखता क्या है और इसे किस स्थिति में बाबा साहेब अंडेबकर और उनकी कमेटी के सदस्यों द्वारा यह बताया गया जो किसी देश का सर्वोच्च कानून होता है। यह एक लिखित दस्तावेज है जो सरकार की संरचना शक्तियों और कर्तव्यों नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का निर्धारण करता है। यह देश के संचालन के नियमों और सिद्धांतों का एक संग्रह है।

यह सब संग्रह को लेकर संस्था जिले के चिरको शासकीय नवीन कालेज और खट्टी परसदा के हाईस्कूल के युवा साथियों का 40-40 का समूह बनाकर उनके साथ कई तरह से



गतिविधियों का आयोजन विगत 9 माह से प्रत्येक सप्ताह करती आ रही है उसमें से प्रमुख बिन्दु था कि युवा साथियों को संविधान की रचना उनकी महत्व क्या है जिसे चर्चा के दौरान शब्द निकालना फिर उन्हें गीत का रुप देना और समाज में ज्यादा से ज्यादा मानव समाज को जगाना, इसी कड़ी में चिरको और खट्टी परसदा स्कूल कॉलेज के युवा साथियों के विचार शब्द को स्थानीय गीतकार अजय शेखर नेताम ग्राम अमलोर, रिकार्डिंग और गीत डायरेक्शन सूरज प्रकाश म्युजिक राधे साहू द्वारा किया गया, जिसमें गाने के बोल थे संविधान जानव रे संगी अधिकार जानव ना, भारतीय नीव गुण मानव जानव, आओ जनजन ला जागन युवा पीढ़ी ला जनाबो - ये तैयार गीत का विमोचन संस्था द्वारा 14 अप्रैल 2025 को बौद्घ महासभा के साथ उपस्थित महासभा सदस्य एवं जन प्रतिनिधि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. विमल चोपड़ा एवं वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष- निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष, देवचंद राठी एवं चिरको एवं परसदा के युवा द्वारा उपस्थित रहे साथ ही बौद्ध महासभा प्रमुख देवेद्र मेश्राम, बीपी मेश्राम, बीआर घोड़ेसवार, संजय वासनिक, शंकर नंदेश्वर आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संस्था के क्षेत्रीय कार्यकर्ता विष्णुप्रिया अंकुर, हीना साहू गांव के युवा साथी ग्राम प्रमुख आदि उपस्थित रहे।



## पचरी में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

**महासमुंद**। ग्राम पचरी में डॉ .बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया, सबसे पहले डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर कि छाया चित्र में आरती, माल्यार्पण, श्रीफल, पुष्प, गुलाल से पूजा अर्चना कर धजारोहण किया गया उसके बाद मिठाई वितरण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन, सरपंच सरिता चूड़ामणि डड़सेना, उपसरपंच गैंदराम जोशी, पंच गण व ग्राम वासी-प्रीति महेश भगत, भगवती डड़सेना, प्रतिमा जोशी, राजेश लहरे, चूड़ामणि डड़सेना, रामता डे, पवन डड़सेना, जनक डड़सेना, डोगरसिंग टंडन, मोहित डोरा, रमेश मन्नाडे, देवसिंग डोरा, धरम, मन्नू कुर्रे, दिनेश, रघु खलिावन भगत, पिंटू डोरा, मोहन टंडन, मानिक रात्रे, मानिक मन्नाडे, बसंत जांगड़े आदि लोग उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ को शराब गढ़ बनाने की योजना पर काम कर रही भाजपा सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार पूरे प्रदेश को शराब का गढ़ बनाने की योजना पर काम कर रही है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर कोई सवाल ना उठा सके इसलिए सरकार यह नीति अपनाकर युवाओं को नशे के गर्त में धकेल रही है। प्रदेश के इस भयावह स्थिति पर भाजपा के तमाम नेता, महिला मोर्चा की बहनें खामोश हैं। कांग्रेस सरकार के समय महिला मोर्चा की बहनों ने शराब बंदी की मांग को लेकर अनेक बड़े आंदोलन किए थे। भाजपा मोर्चा की इन बहनों को कांग्रेस शासन के समय



शराब में बुराई नजर आती थी, अब जब प्रदेश में उन्हीं की सरकार है, शराबबंदी आसानी से वे करवा सकती हैं, लेकिन इस मामले को लेकर उनकी खामोशी केवल यही साबित करती है, कि शराबबंदी को लेकर जो आंदोलन उन्होंने की वह केवल एक राजनीतिक स्टंट था।

श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि पूरे प्रदेश के प्रत्येक ग्रामों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। अवैध बिक्री सरकार, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संरक्षण में हो रही है। सरकार की मंशा पूरे प्रदेश को शराब में डुबोने की है। पहले तो 67 नई दुकानें खोली गई, जिससे शराब दुकानों में बढ़ोतरी हुई। चखना सेंटर खोलकर ठेके में दिया जा रहा है इसमें भी सरकार का पेट नहीं भरा तो छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 की उपधारा (2) में प्रदत्त शक्तियों का दुरुपयोग करते हुये वाणिज्य कर (आब.) / पांच (32), दिनांक 23.04.2013 में संशोधन करते हुए एफ.एल.5क के तहत अब नगण्य शुल्क लेकर आवेदकों को निजी भवन, फार्म हाउस, निजी कार्यक्रम, होटल, रेस्टोरेंट, शादी घर, इवेंट कंसर्ट, लाइव कार्यक्रम, संगीत, नृत्य कार्यक्रम, नव वर्ष समारोह, क्रिकेट मैच आदि अन्य कोई भी कार्यक्रम में शराब परोसी जा सकती है।

# गौरव ग्राम बुंदेली में आम सभा का आयोजन

## गर्मी से निपटने स्वच्छता और जल आपूर्ति पर विशेष जोर

**पिथौरा (ग्रामीण)**। गौरव ग्राम पंचायत बुंदेली में आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सब इंजीनियर हिमांशु पांडे ने की। सभा में सरपंच रविकांत निषाद सहित समस्त पंचगण और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आम सभा में सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था, और नालियों की समय-समय पर सफाई जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। पंचायत सदस्यों ने इन मुद्दों पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए जल्द से जल्द कार्य योजना बनाने पर जोर दिया। इस सभा में उप सरपंच घनश्याम साहू, पंच किशोर सोनवानी, दशोदा महिलांग, धरम राज दीवान, रेशमा दीवान, मुकेश सिन्हा, राधिका निषाद, अल्का शर्मा, लक्ष्मी बाई रात्रे, टिकेश्वर दीवान, सिकंदर दीवान, कांति बाई दीवान, विष्णु सिन्हा, चांदनी प्रभाकर, जानकी कुर्रे, अभिजीत सिंह, उमेश्वरी बरिहा, प्रिया बाई बरिहा, मखियारिन बरिहा, त्रिभुवन बरिहा, रोजगार सहायक लक्ष्मी दीवान और आवास मित्र सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।





## ग्राम पंचायत में आमसभा आयोजित

**तेंदूकोना**। ग्राम पंचायत मोंगरापाली स में द्वितीय दिवस 15 अप्रैल 2025 को बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती समारोह पर वैकल्पिक आम सभा आयोजित कर हितग्राहियों की समस्याओं का निदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच भूमिका विनय साहू प्राधिकृत अधिकारी रूप भुनेश्वरी ठाकुर, उप सरपंच, पंच गण ग्राम प्रमुख व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत स्थायी समिति गठन हेतु

**महासमुंद।** जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां नियम, 1994 के नियम 6 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला पंचायत महासमुंद की स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया के लिए अपर कलेक्टर रविराज ठाकुर को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में निर्वाचन सम्मिलन आगामी 23 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। पीठासीन अधिकारी के निर्देशन में यह निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है, ताकि समिति गठन की प्रक्रिया सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

### निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सम्मान एवं जयंती समारोह कल

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा जिला स्तरीय डॉ भीमराव अंबेडकर, दादा नकुल देव ढीढी जयंती एवं सतनामी समाज से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम 18 अप्रैल को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में 12 बजे से रखा गया है। जिसमें सरपंच, उपसरपंच जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा नगरीय निकाय के पार्षद को सम्मानित करेगी। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले समाज रत्नों का सम्मान गुरु घासीदास सतनाम धर्म प्रचारक, गुरु अमरदास अध्यात्म, वीर बलिदानी गुरु बालकदास शौर्य, डॉ भीमराव अंबेडकर ज्ञान रत्न, मिनी माता महिला सशक्तिकरण, दादा नकुल देव ढीढी सतनाम अनमोल रत्न, पंथी नर्तक देवादास स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी सोमनाथ टोंडेकर ने बताया कि समाज के मेघावी छात्र जो शिक्षा सत्र 2023-24 में दसवीं बारहवीं में 70% से अधिक अंक प्राप्त किया है। उसका सम्मान भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शामिल होने अपील की है।

**बड़ी सौगात : सड़क बनने से क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होगा**

# विधायक अग्रवाल ने किया 2.58 करोड़ की सड़क परियोजना का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड अंतर्गत ग्राम खम्हन में विधायक

- ग्राम खम्हन से कुदारीदादर मार्ग पर बनेगी पक्की सड़क और पुल पुलिया, ग्रामीणों में खुशी की लहर

डॉ. संपत अग्रवाल ने 2 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पक्की सड़क और पुल-पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह सड़क ग्राम खम्हन से कुदारीदादर तक बनाई जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और विकास को गति मिलेगी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिली। इस अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि विकास केवल एक वादा नहीं बल्कि हमारा संकल्प है। केंद्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णुदेव साय की सरकार ने यह साबित किया है कि जो कहा जाता है, उसे करके भी दिखाया जाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बसना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को पक्की सड़को से जोड़ा जाएगा।



उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। यह सड़क परियोजना न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी बल्कि क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक गतिविधियों को भी नई दिशा देगी।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. एनके अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जनपद सदस्य हरप्रसाद पटेल, विमला बेहरा, सरपंच भरत चौधरी, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, विधायक प्रतिनिधि निराला खोलबहरा, छबीलाल रात्रे, कौशिक प्रधान, नवीन प्रधान, त्रिलोचन नायक, दीनदयाल भोई, रूपानंद नायक, रमेश प्रधान और नारायण पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**सड़क निर्माण कार्य से गांव की तस्वीर बदलेगी, आवागमन सुगम होगा**

पिथौरा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम धृतलहरे ने इस कार्य को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे गांव की तस्वीर बदलेगी। और ग्रामीण विकास को यह सौगात नई दिशा देगी। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि यह सड़क परियोजना ग्रामीणों के लिए विकास की नई राह खोलेगी। इससे आवागमन सुगम होगा और स्थानीय लोगों को आर्थिक गतिविधियों में भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने कहा कि यह सड़क विकास की नई इबारत लिखेगी और युवाओं को भी इससे बेहतर अवसर मिलेंगे। यह सड़क निर्माण युवाओं और विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। इससे शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ठोस कदम है।

# मोर द्वार साय सरकार महाअभियान, कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना "मोर द्वार साय सरकार महा अभियान" के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्लस 2.0 के पात्र हितग्राहियों के चिन्हांकन हेतु प्रदेशभर में चल रहे आवास सर्वेक्षण कार्य के दूसरे दिन, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस. आलोक द्वारा पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कसहीबाहरा एवं परसापाली में सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं सर्वेयरों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी पात्र परिवारों का सर्वे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य जितना सटीक और समयबद्ध होगा, उतनी ही तेजी से वास्तविक लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। कलेक्टर लंगेह ने हितग्राहियों के घर जाकर सर्वे की जानकारी ली तथा उन्हें योजना के उद्देश्य और लाभों के बारे में बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवास प्लस 2.0 के अंतर्गत किया जा रहा सर्वेक्षण पूरी तरह निःशुल्क है और यह छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस सर्वेक्षण के बदले धनराशि की मांग करता है, तो इसकी सूचना दें। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जनपद सीईओ सीपी मनहर मौजूद थे।

# पटपरपाली के आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

पटपरपाली "कुपोषण मुक्त भारत" के संकल्प को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज ग्राम पंचायत पटपरपाली के आंगनबाड़ी केंद्र बाम्हनडीह और चंदरपुर में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में सहभागी एवं अतिथि पटपरपाली ग्राम पंचायत सरपंच लता कमलेश टांडेय एवं महिला बाल विकास पर्यवेक्षक भावना गुप्ता ने कुपोषण और एनीमिया मुक्त पंचायत बनाने की शपथ को साकार करने के लिए आज पटपरपाली में सी सैम कार्यक्रम का क्रियान्वयन करके कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया। पर्यवेक्षक भावना गुप्ता ने पोषण पखवाड़ा के उद्देश्य को बताकर कुपोषण के प्रकार और



दुष्चक्र के परिणामो से अवगत कराया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना साहू ने ऊपरी आहार के विषय में गमला यादव ने स्तनपान और चंपी साहू ने रेडी टू इट के विभिन्न व्यंजनों के डेमो को बताकर कुपोषण दूर करने के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच लता कमलेश टांडेय ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से अंत तक महिलाओं और बच्चों के हर तरह के विकास करने के अपने उद्देश्य को स्मरण कराते हुए अंजु साहू और तमेश्वरी साहू की गोदभराई और 6 माह पूर्ण किये बच्चे का अन्नप्राशन्न कराया। कार्यक्रम में मीना साहू, गमला यादव, चंपी साहू, कुंती, हिना, खिलेश्वरी, दीपक, नीलकुमारी, चैती, लीलेशरी, मानकुंवर, और उर्मिला ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा (मोर दुआर, साय सरकार महाभियान) के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा महासमुंद में जिला और विकासखंड स्तर पर नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला स्तर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक को नोडल अधिकारी और अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं अपर कलेक्टर डॉ. रविराज ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से विकासखंड स्तर पर महासमुंद विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी एसडीएम हरिशंकर पैकरा, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ बरन सिंह मांडवी, बागबाहरा विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी एसडीएम उमेश कुमार साहू को, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ एमएल मंडावी, पिथौरा विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह को, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ सी.पी. मनहर को, बसना विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी एसडीएम मनोज कुमार खांडे को, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ पीयूष ठाकुर को और सरायपाली विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी नम्रता चौबे (आईएएस) एसडीएम को, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ जनपद पंचायत अमित को बनाया गया है।

# हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा



**नर्रा।** युवा शक्ति के तत्वाधान में ग्राम मुनगासेर झलप में हनुमान जयंती पर सर्वप्रथम रामायण एवं बजरंग पाठ का आयोजन हुआ इसके पूर्व ग्राम में बाजे गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमे लोग शामिल हुए। इस अवसर पर श्रद्धालु गण पूजा अर्चन व आशीर्वाद के लिए मंदिरों में भक्तों का रेला लगा रहा। इस दौरान शंकर भगवान और हनुमान जी की वेशभूषा धारण कर झांकी के माध्यम से शोभा यात्रा निकली। इस दौरान जगह जगह हुआ स्वागत जयंती के अवसर पर पुरुषोतम ठाकुर राधेश्याम साहू, इमरान खान द्वारा शरबत जूस का वितरण भी किया गया इस दौरान टीकम पटेल, उमाशंकर, ललित जोगेंदर, देवसिंह, होरीलाल, प्रेमशंकर, रेखराम, धनेश साहू, महेंद्र, चंद्रिका, रवि, गजेंद्र, बड़े साहू, रामनारायण, महिला वर्ग में ऋतु निसार सरपंच पूर्णिमा पटेल उपसरपंच लक्ष्मी साहू, पदमा ध्रुवंशी, पदमा पटेल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# भूख हड़ताल कर रहे तीन पंचायत सचिवों का निधन, प्रशासन की उपेक्षा से संघ में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

पंचायत सचिवों की मांग के संबंध में शासन-प्रशासन द्वारा माह भर बाद भी अब तक उचित निर्णय नहीं लेने के चलते डिप्रेशन में गए सचिवों की धरना स्थल पर हुई मौत मामले में प्रदेश में सचिव संघ ने शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी शहादत के लिए राज्य सरकार को जमकर कोसते हुए नारेबाजी की गई। संघ के अध्यक्ष चंद्रप्रताप ठाकुर ने अपने उदबोधन में कहा कि आज हमारे साथी रिटायरमेंट से पहले ही हृदयाघात तथा ब्रेन हेमरेज जैसी तनावपूर्ण जिंदगी के



कारण मौत के मुंह में समा रहे है, शासन द्वारा 24 घंटे पंचायत सचिवों को केंद्र तथा राज्य की बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी तथा दबाव में काम कराते है, जबकि आज भी पंचायत सचिव राज्य सरकार के कर्मचारी घोषित नहीं हुए है, जिसके कारण एक तृतीय वर्ग कर्मचारी को मिलने वाली अनेक सुविधाओ जैसे ओल्ड पेंशन, पदोन्नति, क्रमोन्नति, आवास भत्ता, यात्रा भत्ता, जीपीएफ जैसी सुविधाओं से वंचित है, 30 वर्ष की सेवा के बाद भी सचिव आज भी सचिव पद पर है जबकि अन्य कर्मचारियों को निश्चित पदोन्नति का लाभ मिल जाता है।

**जिला रोजगार सहायक संघ ने किया समर्थन :** धरना स्थल पर जिला रोजगार सहायक संघ के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर अपना समर्थन दिया है। रोजगार सहायक संघ के जिला अध्यक्ष राजू तांडी ने सचिव संघ को आश्वस्त किया है कि प्रशासन द्वारा जारी ऐसे किसी भी आदेश का पालन नहीं करेंगे।



**हड़ताल मंच पर दिवंगत पंचायत सचिवों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

पंचायत सचिव संघ की पिथौरा ब्लॉक इकाई द्वारा हड़ताल स्थल पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने अपने तीन दिवंगत साथियों को याद करते हुए उनके सेवा कार्यों को सम्मानपूर्वक नमन किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान सचिव संघ के पदाधिकारियों एवं सचिव साथियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की संघ ने स्व. राजकुमार कश्यप, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत कुटेलामुडा, जनपद पाली, जिला कोरबा, स्व. मोहित साहू, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत उतेकेल, जनपद पिथौरा, जिला महासमुंद, स्व. रामेश्वर चौहान, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत बनकोंबो, जनपद कुनकुरी, जिला जशपुर को श्रद्धांजि दी। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पंचायत सचिवों की उपस्थिति रही।

# सेवानिवृत्त होकर गांव लौटे लांस नायक रूपेश्वर का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नांदगांव का बेटा सेना में रह कर देश के प्रति अपना कर्तव्य निभा कर जब वापस अपने गांव लौटा तो ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्रामीण उसे जुलूस के रूप में गांव लेकर आए। बाद में फूल बरसा कर स्वागत किया गया। रास्ते में जगह-जगह साफे बांधे गए, मालाएं पहनाई गई, सेना में नौकरी करने के बाद सेवानिवृत्ति (रिटायरमेंट) पर ग्रामीणों के लाड़-प्यार को देख कर फौजी भावुक हो गया और बोला कि वो यह प्यार और सम्मान कभी नहीं भुला पाएगा।

नांदगांव निवासी रूपेश्वर धीवर (2008 से 2025) हाल ही में सेना में अपनी नौकरी पूरी कर लांस नायक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। मंगलवार को जब गांव लौटे तो ग्रामीण बेहद खुश हुए। ग्रामीण अपने घरों के समाने आरती की थाली व मालाएं लिए स्वागत के लिए इंतजार करते नजर जाए।

इस अवसर पर भारत माता की जय और देशभक्ती नारों से गांव गूंज उठा। धीवर समाज, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी, अजय जांगड़े, योगेश पटेल, ठाकुराम धीवर, गंगा प्रसाद धीवर, पूर्व सैनिक नारायण चंद्राकर, दीनू पटेल, तिलक धीवर, उदय धीवर, लोचन चंद्राकर, दसरू पटेल, देवनाथ रैला, सालिक पटेल, एसकुमार पटेल सहित ग्रामीणजनों ने उनका स्वागत किया।

# स्काउट गाइड स्थानीय संघ ने किया प्याऊ सेवा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मंगलवार को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर एवं जिला संघ के निर्देशानुसार स्थानीय संघ महासमुंद द्वारा निखिल कांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद, येतराम साहू जिलाध्यक्ष स्काउट गाइड जिला संघ, राहुल चंद्राकर राज्य मुख्यालय आयुक्त, जिला उपाध्यक्ष आनंद राम साहू, अनीश बग्गा, महेंद्र सिक्का के आतिथ्य में स्थानीय संघ महासमुंद के ब्लाक अध्यक्ष कौशलेन्द्र वैष्णव, उपाध्यक्ष गण देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, मनीष शर्मा, सीता डोंडेकर, नितेश श्रीवास्तव के अगुवानी में शास्त्री चौक कलेक्टोरेट रोड महासमुंद के पास प्याऊ सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। बता दें कि प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय के निर्देशन में मुख्य चौक चौराहों में राहगीरों के लिये प्याऊ सेवा केंद्र के माध्यम से पानी पिलाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी स्थानीय संघ द्वारा प्याऊ सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। इस प्याऊ सेवा केंद्र में लता वैष्णव गाइडर व ब्लाक सचिव, हिरेंद्र साहू



स्काउटर व ब्लाक सहसचिव एवं अजय तांडी स्काउटर के मार्गदर्शन में आशीबाई गोलछा शाउमा विद्यालय, डीएमएस स्कूल के साथ स्थानीय स्कूल के स्काउट गाइड रोवर रेंजर बारी-बारी से प्याऊ केंद्र में सेवा देंगे। जिलाध्यक्ष येतराम साहू एवं निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका द्वय ने अपने उद्बोधन में कहा यह व्यस्तम मार्ग है जहां ग्रामीण जन, आम नागरिकों का आवागमन होता है इस भीषण गर्मी में राहगीरों को पीने योग्य जल उपलब्ध होगा। यहां हमारे स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स प्याऊ सेवा केंद्र में सेवा देंगें यह बहुत सराहनीय है। इस नेक कार्य के लिये स्थानीय संघ के समस्त पदाधिकारी स्काउटर गाइडर स्काउट्स गाइड्स रोवर्स रेंजर्स को बधाई का पात्र बताया। आभार प्रदर्शन ब्लाक अध्यक्ष कौशलेन्द्र वैष्णव ने किया। कार्यक्रम का संचालन हिरेन्द्र साहू ब्लाक सहसचिव ने किया। इस अवसर पर हीना ढालेन एबीओ, मधु तिवारी पूर्व डीटीसी, भूमिका लूनिया, तुलेंद्र सागर स्काउटर, अजेय तांडी स्काउटर, चंद्रप्रकाश राजा चंद्राकर आशीबाई गोलछा शा उ मा विद्यालय के गाइड्स उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी लता वैष्णव ब्लाक सचिव स्थानीय संघ महासमुंद द्वारा दी गई।



